एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

इमरान खान और अवंतिका मलिक में हो गया अलगाव?

बॉलिवुड ऐक्टर इमरान खान और उनकी पत्नी अवंतिका मलिक की शादी लगभग 8 साल पहले हुई थी। इससे पहले दोनों ने एक-दूसरे को डेट भी किया था और यह एक लव मैरेज थी। अब खबर आ रही है कि इन दोनों के बीच अलगाव हो गया है। डीएनए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इन दोनों के एक नजदीकी सूत्र ने बताया है कि अवंतिका ने इमरान का घर छोड़ दिया है और वह अपने पैरेंट्स के घर में शिफ्ट हो गई हैं। अवंतिका साथ में अपनी बेटी इमारा को भी ले गई हैं। यह खबर फैन्स के लिए शॉकिंग हो सकती है क्योंकि इमरान और अवंतिका को बॉलिवुड की सबसे खुश जोड़ियों में से एक माना जाता रहा है। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि इमरान और अवंतिका के दोस्त और परिवार इन दोनों के बीच विवाद को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि यह जोड़ी पहले की तरह नॉर्मल हो जाए। इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो इमरान खान अब अपनी एक शॉर्ट फिल्म का डायरेक्शन कर रहे हैं। इस शॉर्ट फिल्म का नाम मिशन मार्स- कीप वॉकिंग इंडिया है।

रैम्बो में स्टंट बढ़ाने के लिए टाइगर ने डायरेक्टर से की चर्चा!

टाइगर श्रॉफ डेब्यू के सिर्फ पांच साल में बॉलिवुड के टॉप एक्शन स्टार बन गए हैं। हर एक नई फिल्म में उनका टैलेंट बढ़कर लोगों के सामने आ रहा है। उनकी फिल्में दर्शकों को खूब रोमांचित करती हैं।

टाइगर श्रॉफ के पास इस समय बागी 3, सिल्वेस्टर स्टैलोन की रेम्बो की रीमेक हैं। यह भी कहा जा रहा है कि टाइगर इस समय डायरेक्टर अहमद खान और सिद्धार्थ आनंद के साथ अपनी फिल्मों में स्टंट बढ़ाने को लेकर विचार कर रहे हैं। रिपोर्टस के अनुसार, रेम्बो के रीमेक में टाइगर श्रॉफ का नया अवतार देखने को मिलेगा, जो अभी तक किसी ने नहीं देखा होगा। टाइगर सिल्वेस्टर स्टैलोन के बड़े फैन हैं। कुछ साल पहले टाइगर श्रॉफ को उनके पसंदीदा अभिनेता की इस फिल्म की रीमेक करने का ऑफर मिला था। उन्होंने इस पेशकश के लिए हां कह दी। कहा जा रहा है कि टाइगर को बॉलिवुड के अगले बड़े हॉलिवुड स्टार के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पीछे कारण यह है कि वेस्ट के लोग टाइगर श्रॉफ को नोटिस करें। बता दें कि टाइगर श्रॉफ की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द इयर इस समय सिनेमाघरो में लगी हुई है।



रणवीर सिंह ने शर्मिन और मीजान को डेब्यू फिल्म मलाल के लिए किया विश

फिल्ममेकर संजय लीला भंसालीअपनी भांजी शर्मिन सहगल और जावेद जाफरी के बेटे मीजान जाफरी को फिल्म मलाल से लॉन्च कर रहे हैं। बीते दिनों फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ जिसकी दर्शकों के बीच काफी प्रशंसा हुई। यही नहीं, ऐक्टर रणवीर सिंह को भी ट्रेलर में दोनों ऐक्टर्स की परफॉर्मेंस काफी पसंद आई। ऐक्टर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म का एक स्टिल शेयर किया जिसमें दोनों कलाकार नजर आ रहे हैं।

इस पर रणवीर ने कैप्शन दिया, मीजू ऐंड शर्मिन। सो स्वीट! ब्रेक अ लेग, यू 2! बात करें फिल्म की तो ट्रेलर लॉन्च के दौरान भंसाली ने कहा था कि न्यूकमर्स को लॉन्च करना उनके लिए इमोशनल मोमेंट है। उन्होंने यह भी बताया था कि बाजीराव मस्तानी के दौरान शर्मिन उनकी असिस्टेंट थीं। उन्होंने शर्मिन से कॉस्ट्यूम ट्रायल के लिए किसी शख्स को ढूंढने के लिए कहा। इसके बाद उन्हें ट्रायल के लिए मीजान मिले और तभी फिल्ममेकर को लगा कि यह एक स्टार है। बता दें, इस लव स्टोरी का डायरेक्शन मंगेश हडावले कर रहे हैं। यह फिल्म 28 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।